प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे के पहले दिन बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में हुइं शामिल : पशु चिकित्सा में नई तकनीक के इस्तेमाल का किया आह्वान।
2. राष्ट्रपति ने गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह को किया संबोधित : कहा– देश की उन्नति में चिकित्सकों की भूमिका अहम।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– एम्स गोरखपुर सिर्फ प्रदेश ही नहीं, बल्कि बिहार और नेपाल के रोगियों को भी दे रहा ह सेवाएं।
4. प्रदेश में कल से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा वन महोत्सव : 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का रखा गया लक्ष्य।

और

5. राज्य के अधिकांश ज़िलों में बारिश का सिलसिला जारी : पीलीभीत, लखीमपुर में शारदा नदी और अमरोहा में गंगा का जलस्तर बढ़ा।

————————

दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बरेली में भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान– आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में

हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा औषधि और देख–रेख में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग देशभर के पशु चिकित्सा अस्पतालों को सशक्त बना सकता है। बाइट.....

*टेक्नोलॉजी के प्रयोग से देश भर के पशु चिकित्साओं को सशक्त बनाया जा सकता है। जीनोम एडिटिंग, एमब्रयो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डाटा एनालिटिक्स जैसेटेक्नोलॉजी के प्रयोग से इन क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है।*

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मनुष्य का वनों और वन्य जीवों के साथ सह–अस्तित्व का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में वन हेल्थ की अवधारणा को महत्व मिल रहा है। बाइट....

*आज दुनियाभर में वन हेल्थ की अवधारणा महत्व प्राप्त कर रही है हमें अपनी परंपरा और इस अवधारणा का अनुश्रवण करते हुए पशुकल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए एक प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थानों के रूप में इंडियन वेटिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट इन क्षेत्रों में विशेष इस रूप से यूनिटी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी में पशु चिकित्सा और देखभाल में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। उन्होंने छात्रों से उद्यमी बनने आर पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट–अप स्थापित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान केवल पशुओं

की जीवन सुरक्षा के क्षेत्र में नहीं बल्कि मानव जीवन सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आईवीआरआई ने अपने शोध से दुनिया को दिशा दी है इस संस्थान ने ना केवल पशु चिकित्सा अनुसंधान बल्कि ग्रामीण विकास, रोग निदान, आजीविका, दुग्ध उत्पादन और जैव सुरक्षा जसे विषयों में भी बड़ी भूमिका निभाई है। बाइट....

*आईआरजे एक संस्थान नहीं है बल्कि भारत की ग्रामीण जीवन शैली पशुपालन और संस्कृति और वैज्ञानिक जीव उन्नति का आधार है। यहां से निकले वैज्ञानिकों ने न केवल पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में बल्कि ग्रामीण विकास आजीविका दुग्ध उत्पादन टीका अनुसंधान रोग निदान और जैव सुरक्षा जैसे मामले में केवल देश को नहीं दुनिया को भी दिशा देने का काम किया है।*

बरेली के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास मे भी चिकित्सकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के ज़रिए एक स्वस्थ समाज की नींव रखने में योगदान दे रहे हैं। बाइट....

*पूर्वी उत्तर प्रदेश सीमावर्ती बिहार और नेपाल के लोगों के लिये उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के केन्द्र के रूप में एम्स गोरखपुर प्रसिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर सभी डॉ0 से कहना चाहूंगी चिकित्सा लोगों की सेवा करने के साथ–साथ देश की सेवा का माध्यम भी है। इस का समाज और देश के*

*विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह केवल रोग का इलाज नहीं करते, बल्कि एक स्वास्थ्य समाज की नींव भी रखते हैं।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्य़नाथ ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं कई गुना बेहतर हुई हैं। उन्होंने इंसेफलाइटिस का ज़िक्र करते हुए कहा कि दशकों से चली आ रही बीमारी से अब गोरखपुर को अब मुक्ति मिल चुकी है। श्री योगी ने कहा कि एम्स गोरखपुर बड़ी संख्या में ना सिर्फ प्रदेश बल्कि बिहार औऱ नेपाल के भी रोगियों को

*जब मैं गोरखपुर की एम्स की बात करता हूं तो यह केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश नहीं है पश्चिम उत्तर बिहार और बंगाल के एक बड़े भूभाग को स्वास्थ्य की सेवाएं उपलब्ध करवाता है। पटना और लखनऊ के बीच में बीएचयू को छोड़ दे, तो एम्स के अलावा कोई भी इस प्रकार का टर्सरी हेल्थ केयर सेन्टर नहीं है। 5 करोड़ की आबादी प्रत्यक्ष रूप से और 7 करोड की आबादी अप्रत्यक्ष रूप से एम्स गोरखपुर पर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिये निर्भर कर रही है।*

राष्ट्रपति कल सुबह प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन करेंगी। वह दोपहर बाद शैक्षणिक ब्लॉक ऑडिटेरियम और पंच कर्म केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगी और सोनबरसा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आरोग्य धाम परिसर में छात्रावास के लिए आधारशिला रखेंगी।

——————————

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रामपुर में आयोजित किसान गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित कृषि और समृद्ध किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि एक राष्ट्र, एक कृषि और कृषि विशेषज्ञ सब एक टीम बनकर कृषि को बढ़ावा देने का काम करें।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश में कल से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश भर में करीब 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पौधरोपण अभियान के लिए वन विभाग ने खास तैयारी की है।एक रिपोर्ट....

*प्रदेश में एक सप्ताह तक चलने वाले पौधरोपण अभियान के साथ ही पूरे वर्षाकाल में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए करीब ढाई हज़ार पौधशालाओं में 52 करोड़ 43 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इसके तहत वन विभाग सड़कों के किनारे एक करोड़ से अधिक पौधे लगाएगा। वहीं यूपीडा द्वारा एक्सप्रेस वे के पास लगभग ढाई लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह विभिन्न विभाग भी अभियान में शामिल होकर 35 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल करने में सहयोग देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस अभियान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने आज मथुरा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में व्यापारी वर्ग एमएसएमई नीति, ओडीओपी योजना, इंटरनेशनल ट्रेड शो और उद्योग मित्र जैसी पारदर्शी नीतियों का लाभ उठाकर प्रदेश के विकास में सहभागी बन रहा है। बाइट....

*सरकार की प्राथमिकता लॉ एंड आर्डर युक्त दुरूस्त रहे और विकास का पहिया बहुत तेजी से घूमता रहे माननीय योगी जी की सरकार में उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ हुई। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त दुरूस्त है और बहुत तेजी से कनेक्टिविटी बढ़ी है। एक्सप्रेसवे बढ़े"। हमारी एयर कनेक्टिविटी बढ़ी है और आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।*

——————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने की पहल चरणबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिये हैं। इस कदम से वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। साथ ही टिकट कंफर्म न होने की स्थिति में उन्हें वैकल्पिक प्रबंध करने का समय मिल सकेगा।

——————————

आपातकाल लागू किए जाने की 50वीं वर्षगांठ पर भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काले अध्यायों में से एक के रूप में इस अवधि को याद किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवधि के दौरान मीसा के तहत जेल भेजे गए लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। आपातकाल के दौरान की स्थितियों को लेकर राजनीतिज्ञ अरुण वशिष्ठ ने अपने अनुभव साझा किए। एक रिपोर्ट.....

*जेल के अंदर तो जो माहौल था। वो तो सामान्य जो जेल के अंदर हो सकता है। और जिसकी आपकल्पना कर सकते हैं। पर वह अतिरिक्त बंदिशें थी इस नाते कि हमारी मुलाकात पर प्रतिबंध था। हमसे कौन मिलने आ रहा है। इसका एलआईयू देखती थी। बहुत ही निकट के लोग वो मिलने आ पाते थे। समाज तो जेल से भी ज्यादा डरा हुआ था। जो लोग बाहर से रिश्तेदार–रिश्तेदार को नहीं पहचान रहे थे। घर आना जाना नहीं था। हम लोग जो जेल आ गए थे। उन परिवारों की देखभाल करने वाले भी हमारे निजी लोग नहीं थे।*

——————————

प्रदेश में सक्रिय मानसून के प्रभाव से अधिकांश ज़िलों में हल्की से मध्यम वर्षा का सिलसिला जारी है। पीलीभीत और लखीमपुर में भारी बारिश से शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। अमरोहा क गजरौला क्षेत्र में गंगा नदी उफान पर है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घण्टों के दौरान राज्य के पश्चिमी ज़िलों में बारिश का ऑरेंज और पूर्वी ज़िलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)